जहां ले चलोगी वहीं मैं चलूंगा

जहां ले चलोगी वहीं मैं चलूंगा
उंगली पकड़ के मां संग संग रहूंगा

दुख में भी तुम मा सुख में भी तुम मां
नहीं कोई गम मुझको जब तक है तू मां
यहां मैं किसी से ना शिकवा करूंगा
जहां ले चलोगी वहीं मैं चलूंगा

मुझे सख्त राहों में चलना सिखाया
सहारा दे बाहों का संभलना सिखाया
सदा दिल की बातें मां तुम्ही से कहूंगा
जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा

मैं हूं आज जो हूं तेरी मां बदौलत
तुम्ही मेरी दुनिया हो तुम्ही मेरी दौलत
कहे भक्त तेरा हूं मैं तेरा ही रहूंगा
जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21416/title/jahan-le-chalogi-vahi-main-chalunga

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |